Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi

**Discount Code TBC10**

Contact:

**Kunika Advertising**

Plot no- 516, Sector-12
Friends Co-operative Society
Vasundhara, Ghaziabad

**Mo. 8130640000**

**Year-**14 **Issue-** 17
Ghaziabad, Sunday, 25 September 2022

25 September to 01 October- 2022

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mo.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपीएवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5



Page 7



## TIRUPATI EYE

### यूपी बोर्ड दसवीं और बारहवीं में पंजीकरण का आखिरी मौका

**नई दिल्ली।** टीबीसी न्यूज। यूपी बोर्ड ने दसवीं और बाहरवीं की इंप्रूवमेंट, कंपार्टमेंट और स्कूटनी परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों के लिए अग्रिम पंजीकरण और परीक्षा फार्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। विद्यार्थी एक अक्तूबर तक अग्रिम पंजीकरण और परीक्षा फार्म भर सकते हैं। कोषागार में जमा शुल्क का चालान और अग्रिम पंजीकरण आवेदन परिषद की वेबसाइट पर तीन अक्तूबर तक अपलोड करना होगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ल के मुताबिक यूपी बोर्ड परीक्षा 2022 की हाईस्कूल की कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा तथा स्कूटनी परिणाम में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के कक्षा 11 में प्रवेश को लेकर अग्रिम पंजीकरण कराए जाने के लिए तिथि निर्धारित की गई है। साथ ही बोर्ड परीक्षा 2022 के दसवीं और बारहवीं की कंपार्टमेंट और स्कूटनी परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को 2023 की बोर्ड परीक्षा में आवेदन पत्र भरे जाने के लिए अवसर दिया गया है। ये विद्यार्थी एक अक्तूबर तक प्रवेश के लिए अग्रिम पंजीकरण और परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
BUREAU CHIEF
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर व सेफरोन ने लगाया शिविर, 150 बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की दवा

## रोटरी क्लब ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने के बाद बिस्किट व चिप्स के पैकेट बांटे



### स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चलाया अभियान



गुरुद्वारे में शून्य से पांच साल के आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई गई है। आरएचएएम फाउंडेशन के नेतृत्व में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर समाज हित के लिए काम कर रहे हैं। आगे भी इसी तरह अभियान चलाकर समाज हित में कार्य किया जाएगा।

**रो मनीषा भार्गव, अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर**

### फेस मास्क के लिए भी किया जागरूक



बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए पोलिया शिविर लगाकर डॉप पिलाई गई है। इसके साथ ही बच्चों के परिजनों को फेस मास्क पहनने की अपील की गई है। आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब समाज को समर्पित संस्थाएं है और लंबे समय से लोगों की भलाई के लिए काम कर रहे हैं।

**रो कुनिका भार्गव, अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन**

### आरएचएएम फाउंडेशन व रोटरी क्लब का कार्य सराहनीय



सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे पल्स पोलियो अभियान में आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रहित और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए जो भी अभियान चलता है उसमें आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के साथ रोटरी क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

**डॉ पवन कुमारी, एमएमजी अस्पताल गाजियाबाद**

### दूसरी संस्थाओं को भी प्ररेणा लेने की जरूरत



गाजियाबाद ही नहीं बल्कि पूरे दिल्ली-एनसीआर में आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब समय-समय पर अभियान चलाकर लोगों को लाभांवित कर रहे हैं। पल्स पोलियो ड्राप के अलावा न्यूट्रिशन फूड, महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड वितरण, सरकारी स्कूलों में एनीमिया की जांच करने के लिए निशुल्क कैंप लगाकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

**रो अमिता महेंद्रु**

**गाजियाबाद न्यूज।** हापुड़ रोड रिछपाल पुरी स्थित गुरुद्वारे में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर व गाजियाबाद सेफरोन ने संयुक्त रूप से पल्स पोलियो शिविर लगाया। इसमें 0 से पांच साल तक की आयु वर्ग के करीब डेढ़ सौ बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। एमएमजी हास्पिटल से डॉ पवन कुमारी ने शिविर की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन ने छोटे बच्चों के हित के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर पल्स पोलियो कैंप लगाया है। घर के नजदीक पल्स पोलियो शिविर लगने पर बच्चों के अभिभावकों ने भी खुशी जाहिर की है। पल्स पोलियो शिविर में बच्चों को बिस्किट, टॉफी व चिप्स के पैकेट भी बांटे गए। साथ ही अभिभावकों को पल्स पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाने के लिए जागरूक भी किया गया। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद गैलोर की अध्यक्ष मनीषा भार्गव ने कहा कि नवजात शिशु को पोलियो ड्रॉप पिलाने से कई गंभीर बीमारियों की रोकथाम आसानी से हो जाती है। नवजात बच्चों के हित के लिए रोटरी क्लब की ओर से शिविर लगाया गया है। इसमें आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन ने भी अपना योगदान दिया। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष कुनिका भार्गव ने कहा कि पोलियो इंजेक्शन की पहली खुराक जन्म के बाद छह हफ्ते में दी जाती है। आईपीवी कई बार संयुक्त टीके के तौर पर दी जाती है, जिससे यह टीका कई बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए परिजनों से फेस मास्क पहनने की अपील की। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर पल्स पोलियो कैंप लगाया गया है। इसमें बच्चों के परिजनों ने पल्स पोलियो की खुराक के बाद रोटरी क्लब के इस कार्य की जमकर तारीफ की है। डॉ भार्गव ने कहा कि आगे भविष्य में भी समाज के हित के लिए इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने गुरुद्वसास समिति, स्वास्थ्य विभाग और अन्य आंगुतकों का आभार जताया। इस मौके पर रो अपूर्व राज, मयंक भार्गव, रो तान्या, रो सोनाक्षी बंसल, नीरज भार्गव, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### टॉफी, बिस्किट व चिप्स पाकर बच्चों के चेहरे खिले

पल्स पोलियो शिविर में बच्चों को बिस्किट, टॉफी व चिप्स के पैकेट भी बांटे गए। दवा पिलाने के बाद रोटरी क्लब की ओर से बिस्किट व चिप्स पाकर बच्चे खुश हो गए। इसके साथ उनके परिजनों ने भी खुशी जताई।

# जनपद में 1649 बूथों पर चलाया पल्स पोलियो अभियान

**गाजियाबाद न्यूज।** जनपद में रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई। शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग ने शून्य से लेकर पांच साल के आयु वर्ग के बच्चों को 1649 बूथों पर दवा पिलाई गई। अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के करीब 7.68 लाख बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य तय किया गया। 19 सितंबर से 23 सितंबर तक घर-घर खुराक से वंचित नौनिहालों को दवा पिलाई गई। अभियान का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी ने बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए खुराक पिलाकर किया। डीएम राकेश कुमार सिंह, सीएमओ डा. भवतोष शंखधर भी इस मौके पर मौजूद रहे।




अभियान के पहले दिन जिले में करीब 70 हजार बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए खुराक पिलाई गई। संजयनगर के जागृति विहार, विजयनगर में रेलवे स्टेशन, शिवपुरी, सेक्टर- नौ, सेक्टर 11, प्रताप विहार, राहुल विहार, भीम नगर, सुदामापुरी आदि मोहल्लों में भी बूथ लगाए गए। हालांकि कई जगहों पर स्वास्थ्य टीमें खाली बैठी रहीं। जिले भर में यह अभियान चलाया गया। इस बीच सामाजिक संस्थाओं ने नौनिहालों को पोलियो से बचाव के लिए खुराक पिलाने के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग पल्स पोलियो अभियान के लिए पिछले सप्ताह भर से तैयारी में जुटा है। बावजूद इसके बूथ तक पहुंचने वाले नौनिहालों की तादाद कम रही। विभाग की नजर अति संवेदनशील क्षेत्रों की अधिक है। यही वजह दलित और मुस्लिम बस्तियों में विशेष तौर पर बूथ बनाए गए हैं। विभाग इन पर विशेष ध्यान देगा ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान में खुराक से न छूटे। 7.68 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नीरज अग्रवाल ने बताया कि पहले दिन करीब 70 हजार शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई गई। सोमवार से खुराक से वंचित बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

## पार्षद कोटे से वार्डों में नहीं हो रहे विकास कार्य, निगम में नहीं हो रही सुनवाई

**गाजियाबाद।** वार्डों में इस वित्त वर्ष के पार्षद कोटे के विकास कार्य नहीं होने से पार्षदों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका आरोप है कि काफी समय से अनदेखी की जा रही है। एक बार फिर महापौर से विकास कार्य कराने की मांग की है। चालू वित्त वर्ष में शहर के सभी 100 वार्डों में 60- 60 लाख रुपए के विकास कार्य कराए जाने हैं। लेकिन सात माह बीत जाने के बाद भी निगम ने अभी तक विकास कार्य के पार्षदों से प्रस्ताव नहीं मांगे। इससे उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है।

वह लगातार विकास कार्य कराने की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद निगम की तरफ से कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई जा रही। पार्षदों को इस बात का डर सता रहा है कि उनका कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो जाएगा ऐसे में विकास कार्य अटक जाएंगे। वह चुनाव के दौरान जनता के बीच इस मुद्दे को लेकर जाएंगे। पार्षद जाकिर सैफी का कहना है कि निगम के सदन से 60 लाख के कार्य होने का प्रस्ताव पास हुआ था। इसके बावजूद विकास कार्य नहीं कराए जा रहे। पार्षद हिमांशु मित्तल का कहना है कि निगम के पास फंड का अभाव है तो विकास कार्य कराने की पूर्व में घोषणा नहीं करनी चाहिए थी।

पार्षद मनोज चौधरी का कहना है कि वार्डों में विकास कार्य नहीं होने से लोग परेशान हैं। पार्षद अब महापौर से विकास कार्य कराने की गुहार लगा रहे हैं।

## रात्रि चौपाल का आयोजन, किसानों की समस्याओं का समय से निस्तारण करने का दिया आश्वासन

**गाजियाबाद।** विकास खंड भोजपुर की ग्राम पंचायत पट्टी में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य मंत्री ग्राम विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उत्तर प्रदेश विजयलक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।

जिसमें मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच, विकासखंड भोजपुर की क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष सुचेता सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक, उप जिलाधिकारी मोदीनगर शुभांगी शुक्ला, जिला विकास अधिकारी राम उदरेज यादव, खंड विकास अधिकारी सुधीर कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिकारी अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सहित अन्य विभागों के विकास विकास खंड स्तरीय अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्रामवासी



उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा ग्राम पंचायत पट्टी एवं विकास खंड मुरादनगर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर, पंचायत घर, खेल मैदान, एस्ट्रोनॉमी लैब, अमृत वन सामुदायिक शौचालय, अंत्येष्टि स्थल जैसे विकास कार्यों तथा समूहों द्वारा किए जा रहे आजीविका संबंधी गतिविधियों एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कराये गए निर्माण एवं विकास कार्यों के बारे में ग्राम वासियों को अवगत कराया तथा किसानों की समस्याओं के समाधान, समय पर बिजली, नहरों में पानी, चीनी मिलों से बकाया गन्ना भुगतान कराएं जाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस बीच ग्रामीणों ने अधिकारियों से सवाल-जवाब भी किया, जिनका संतोषजनक जवाब दिया गया।

## बीडीएस के 17वें और एमडीएस के 13वें व 14वें दीक्षांत समारोह का आयोजन, 140 छात्रों को बांटी गई उपाधि




**गाजियाबाद।** शहर के बीडीएस कॉलेज में रविवार को 17वें और एमडीएस के 13वें व 14वें दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इसमें 140 छात्रों को उपाधि दी गई। समारोह का शुभारंभ लखनऊ अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. अरूण कुमार सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. विमल कुमार अरोड़ा, संस्थान के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। डिग्री पाकर छात्रों के चेहरे खिल गए। इस मौके पर प्रो. डॉ. अरूण कुमार सिंह ने कहा कि एमडीएस व बीडीएस के छात्रों को नई-नई तकनीक की जानकारी होनी चाहिए। कहा कि आज भारत की दंत चिकित्सा पूरे विश्व में अपना डंका बजा रही है। विदेशी छात्र अब मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए भारत आ रहे हैं। दीक्षांत समारोह में एमडीएस के 86 और बीडीएस के 54 छात्रों को उपाधि देकर सम्मानित किया गया।

निदेशक पीजी कोर्सेज डा. श्रीनाथ ठाकुर ने एमडीएस, बीडीएस के छात्रों को शपथ दिलाई ओर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य डॉ. देवीचरण शेटटी ने अपनी कॉलेज रिपोर्ट में संस्थान के विभिन्न विभागों की मुख्य विशेषताओं और नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया।

संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ देवी चरण शेट्टी ने अपनी कॉलेज रिपोर्ट में संस्थान के विभिन्न विभागों की मुख्य विशेषताओं और नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया। डॉ शेट्टी ने संस्थान द्वारा सभी नवीनतम सुविधाएं और बेहतर उपकरण प्रदान करने के लिए आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर.पी चड्ढा तथा वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का आभार प्रकट किया। उन्होंने सभी बीडीएस एवं एमडीएस के छात्रों की वार्षिक एकेडमिक अवार्ड एवं उनकी उपलब्धियों की घोषणा की। उनके माता-पिता को बधाई भी दी। इस मौके पर अरुण कुमार सिंह ने बताया किसी बीसीटी, औरोफेशियल पेन क्लीनिक, इम्प्लांट सेंटर, लेजर एण्ड फेशियल एस्थेटिक क्लीनिक तथा कैड-कैम मशीन सम्मिलित है। इसके द्वारा दंत चिकित्सकों को उच्चस्तरीय एवं बेहतर उपचार करने में मदद मिलती है। इस मौके पर डॉ. उमा सिंह, संगीता अरोड़ा, सचिव भूषण कुमार अरोड़ा, निदेशक पीआर सुरिंद्र सूद आदि मौजूद रहे।

## पहाड़ माउंट किलिमंजारो पर पवन सैनी ने फहराया तिरंगा



**गाजियाबाद।** अफ्रीका महाद्वीप के देश तंजानिया के मौसी शहर में सबसे ऊंचे पहाड़ माउंट किलिमंजारो पर तिरंगा झंडा लगाने पर दुनिया में भारत का नाम रोशन करने वाले कौशांबी स्थित अंतरिक्ष ग्रीन टॉवर के निवासी पवन सैनी को क्षेत्रीय पार्षद मनोज गोयल ने सोमवार को फूलों का गुलदस्तां भेंट कर सम्मनित किया।

पार्षद मनोज गोयल ने कहा पवन सैनी ने अफ्रीका महाद्वीप के देश तंजानिया के मौसी शहर में सबसे ऊंचे पहाड़ माउंट किलिमंजारो पर भारतीय तिरंगा फहराकर अपने कौशांबी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और देश का नाम भी रौशन किया है। जो कि बेहद ही गर्व की बात है। पवन सैनी के इस कार्य से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसलिए आज क्षेत्र के लोगों द्वारा पवन सैनी का स्वागत किया गया। इस मौके पर सरबजीत सिंह अध्यक्ष अंतरिक्ष ग्रीन सोसायटी, पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह, भाजपा नेता अवधेश कटिहार, देवेंद्र महाजन, अनुज अग्रवाल, वीके जैन, राकेश गुप्ता, जेबी सिंह, निसार, अंकित साहू, समीर चौधरी, शिवम, विजय भाटी, गीता सैनी, मधु शर्मा, अलका सक्सेना, कविता शर्मा, रानी मिश्रा, आशा शर्मा, सरोज प्रधान, अरमीता सिंह सहित क्षेत्र के अन्य निवासी उपस्थित रहे।

# फंड व जमीन नहीं मिलने के कारण नॉर्दर्न पेरिफेरल रोड (एनपीआर) का निर्माण अधर में लटका



**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में भी फंड और कई जगह जमीन नहीं मिलने से नॉर्दर्न पेरिफेरल रोड (एनपीआर) का पूरा निर्माण नहीं हो सका है। जबकि पहले फेज में राजनगर से दिल्ली मेरठ रोड तक एनपीआर का निर्माण होना था। पहले फेज के लिए राजनगर एक्सटेंशन में कई जगह एनपीआर बनाई गई है, लेकिन यह दिल्ली मेरठ रोड तक नहीं बनाई जा सकी है। क्योंकि इसके बीचमें आने वाली जमीन अभी तक प्राधिकरण को नहीं मिल सकी है। साथ ही प्राधिकरण ने इस रोड को पूरा करने के लिए शासन से भी फंड की मांग की हुई है।वर्ष 2005 में जीडीए ने शहरवासियों को जाम से बचाने के लिए में आउटर रिंग रोड बनाने की योजना बनाई। इसके अंतर्गत नॉर्दर्न पेरिफेरल रोड (एनपीआर) का निर्माण होना था। फिर सलाहकार एजेंसी नियुक्ति हुई, लेकिन आठ साल तक इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार नहीं हो सकी। साल 2013 में प्रोजेक्ट को मंजूरी तो मिल गई लेकिन अभी तक इसका 35 फीसदी काम भी पूरा नहीं हो पाया है। परिणाम यह हुआ कि प्रोजेक्ट की लागत 26 करोड़ बढ़कर 466.46 करोड़ हो गई। साल 2013 में प्रोजेक्ट की लागत 440 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 466.46 करोड़ हो गई। लेकिन इस प्रोजेक्ट को अभी तक गति नहीं मिल सकी है। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि राजनगर एक्सटेंशन में कई जगह जमीन पर विवाद चल रहा है। इस कारण एनपीआर और जोनल रोड का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। हालांकि जहां विवाद नहीं है। वहां रोड बनाई जा चुकी है शासन से फंडिंग नहीं मिलने के बावजूद जीडीए ने अपने फंड से एनएच-9 से दिल्ली-मेरठ हाईवे तक के 6.40 किमी एनपीआर प्रोजेक्ट में से 3.50 किमी रोड का निर्माण करा दिया है। एनएच-9 से दिल्ली-मेरठ हाईवे तक के 6.40 किमी एनपीआर प्रोजेक्ट के निर्माण पर 223.92 करोड़, जबकि दिल्ली-मेरठ हाईवे से लोनी की ओर 3.5 किमी एनपीआर रोड व 6.26 किमी लंबी राजनगर एक्सटेंशन आउटर रिंग रोड पर 242.54 करोड़ खर्च किए जाना है। जीडीए ने वर्ष 2019 में एनपीआर प्रोजेक्ट को रफ्तार देने के लिए इसकी फंडिंग का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में स्वीकृत कराते हुए शासन को भेजा था। 466.46 करोड़ की फंडिंग के प्रस्ताव को शासन में गए करीब तीन साल बीतने वाले हैं, लेकिन अभी तक प्रस्ताव वहीं पर लटका हुआ है। इस कारण अभी तक शहरवासियों को एनपीआर प्रोजेक्ट की सौगात नहीं मिल सकी है।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में हिस्सा लेने लोनी पहुंचे केंद्रीय मंत्री वीके सिंह



**गाजियाबाद।** सांसद एवं पूर्व थल सेनाध्यक्ष डॉ. वी.के. सिंह ने लोनी में अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने सबसे पहले लोनी सीएचसी के सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर भाजपा के संकल्प सेवा पखवाड़े के तहत पूरा देश जन सेवा समाज कल्याण की भावना से कार्यक्रम को चला रहा है। सासंद ने वृक्षारोपण किया।

इसके बाद उन्होंने खजूरी-पुस्ता लोनी में दिल्ली देहरादून राजमार्ग के निरीक्षण किया। इस राजमार्ग के बनने के बाद क्षेत्रवासियों को इसका बेहद लाभ होगा। सांसद ने सम्बंधित अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों के साथ बैठक कर जनता की समस्याओं को सुना। उन्होंने डीएलएफ कॉलोनी, चमन विहार समेत अन्य कॉलोनियों के जल निकासी के लिए एनएचएआई को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनता को समर्पित किया। उन्होंने 394.45 लाख रुपये की लागत से मटियाला से नूरपुर वाया कन्नौजा चित्तौडा मार्ग (लम्बाई 8.00 कि०मी०) के चौड़ीकरण, उच्चीकरण के कार्य का लोकार्पण किया।

251.03 लाख रुपये की लागत से खैमावती से सुराना (पीर) मार्ग (लम्बाई 5.42 कि०मी०) के चौड़ीकरण, 261.91 लाख रुपये की लागत से पाईपलाईन रोड से भदौली वाया शमशेर मथुरापुर मकरेड़ा बाईपास (लम्बाई 5.07 कि०मी०) के चौड़ीकरण, 376.80 लाख रुपये की लागत से मोदीनगर कलछीना मार्ग वाया जलालाबाद, समयपुर (लम्बाई 8.00 कि०मी०) के चौड़ीकरण एवं उच्चीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य मलिक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम व एसएसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया




**गाजियाबाद न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद जितेन्द्र कुमार सिन्हा, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनीराज जी ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुरुष एवं महिला बैरक का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों की समस्याओं को सुना गया एवं इस संबंध में जेलर को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिला कारागार में स्थित पाकशाला का निरीक्षण एवं बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता देखी गई तथा निर्देशित किया गया कि मानवीय पहलुओं को अपनाते हुए समस्त बंदियों को पोषक आहार दिया जाए। इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप चौधरी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूतन द्विवेदी व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० भवतोष शंखधर आदि मौजूद रहे।

# मार्शल आर्ट्स अकैडमी के 20 खिलाड़ियों ने बेल्ट एग्जाम उत्तीर्ण किया



**गाजियाबाद।** लाल कुआं स्थित मार्शल आर्ट्स अकैडमी में रविवार को आयोजित बेल्ट एग्जाम में खिलाड़ियों का फिजिकल, मौखिक, लिखित और अनुशासन का एग्जाम हुआ। मुख्य प्रशिक्षक तरुण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि काफी खिलाड़ियों ने बेल्ट एग्जाम दिया पर 20 खिलाड़ी ही एग्जाम को पास कर पाए। जिसमें ओवर आल प्रथम विजेता सुमित शाक्या 395.5 नम्बर के साथ, द्वितीय विजेता अर्जुन सिंह 378 नम्बर के साथ, तृतीय विजेता रश्मी कुमारी 377.5 नम्बर के साथ रही। वहीं, रेड बेल्ट में प्रथम स्थान पर 377.5 नम्बर के साथ रश्मि कुमारी, द्वितीय स्थान पर 367.5 नम्बर के साथ अनन्या। तृतीय स्थान पर 351.5 नम्बर के साथ पलक सक्सेना रही। ऑरेंज बेल्ट में प्रथम स्थान पर 356.5 नम्बर के साथ शर्मिला। द्वितीय स्थान पर 355 नम्बर के साथ प्रणव श्रीवास्तव। तृतीय स्थान पर 347.5 नम्बर के साथ श्रेय सक्सेना रहे। ब्लू बेल्ट में प्रथम स्थान पर 395.5 नम्बर के साथ सुमित शाक्या। द्वितीय स्थान पर 378 नम्बर के साथ अर्जुन सिंह। तृतीय स्थान पर 309 नम्बर के साथ आरती सैनी। येल्लो बेल्ट में प्रथम स्थान पर 394.5 नम्बर के साथ सुमित शाक्या। द्वितीय स्थान पर 357.5 नम्बर के साथ चित्रगुप्त मौर्य। तृतीय स्थान पर 318 नम्बर के साथ राज राठौर। ग्रीन बेल्ट द्वितीय में प्रथम स्थान पर 288 नम्बर के साथ अतिक्ष गोयल। ब्राउन बेल्ट प्रथम में प्रथम स्थान पर 340.5 नम्बर के साथ रेशम कुमारी। इसके अलावा संध्या भारती, राघव अवस्थी, कृतिका, दक्ष, आकाश। एग्जाम पास करने वाले सभी खिलाड़ियों को बेल्ट, सर्टिफिकेट के साथ प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वालों को मोमेंटो/ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# मेजर ध्यानचंद को किया याद





**गाजियाबाद।** राजेंद्र नगर स्थित स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर में हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। मीडिया प्रभारी ललिता त्यागी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्य अतिथि एवं वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने खेलों की बारीकी और महत्व को बताते हुए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। छात्रों से हॉकी जादूगर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेकर खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही। इन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने खेलों के क्षेत्र में आदर्श स्थापित किया। भारतवर्ष के लिए लगातार तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया था। हम सभी खेलों के प्रति जागरूक हो। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। स्कूल प्रांगण में परंपरागत खेल जैसे रस्साकसी, संख्या बनाना, म्यूजिकल चेयर, लंगड़ी टांग, पिट्ठू, ताला चाबी आदि का आयोजन हुआ। जिसमें छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य विशोक कुमार जी ने भी बच्चों के बीच खेल कर अपने बचपन की यादों को ताजा किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार, सह प्रबंधक आलोक , शिशु मंदिर की प्रधानाचार्या शीतल सिंघल, कार्यक्रम के संयोजक रामकुमार त्यागी, विशाल, वीरेश कुमार, विष्णु सिंह, कमलेश होल्कर आदि मौजूद रहे।

# Editorial

## On Punia's fourth world Wrestling *Championships medal*

Bajrang Punia, one of the most decorated Indian wrestlers, collected an unprecedented fourth World championships medal, a bronze in Belgrade. He reiterated his superstar status in the challenging 65kg weight category. Punia had claimed a bronze in 60kg as his first Worlds medal in 2013 and took five more years to land his second, a silver in 65kg. Since Udey Chand opened the country's account in the World championships in 1961, no Indian had secured two medals. After Punia, Vinesh Phogat became the second from the country to do so this year. Punia grew in stature when he bagged a third Worlds medal, another bronze, in 2019 and defied a knee injury to claim an Olympics bronze in Tokyo last year. His latest feat, which was achieved in spite of an impediment, was similar to his performance in the Olympics. It spoke about the champion wrestler's ability to overcome odds. After struggling with injuries that resulted in his indifferent form in the last one year, he displayed grit to get back to his usual attacking game. This year he took his second consecutive Commonwealth Games title, but needed to reassure himself by securing an eye-catching result on a bigger platform. However, his journey in the Belgrade World championships was hindered early as he picked up a head injury in his first fight in the pre-quarterfinals. He lost to Yianni (John) Diakomihalis in the quarterfinals but got a lifeline when the American entered the final. Even though a bandage around his head affected Punia's focus, the 28-year-old held his nerve and fought his heart out to erase massive deficits in repechage and bronze medal contests. His spectacular bronze medal bout, in which he came back from 0-6 to record a narrow win over Pan-American silver medallist Sebastian Rivera of Puerto Rico, will rank high among the all-time sensational fights put up by an Indian wrestler at the elite level.

**DR-Dheeraj Kumar Bhargava**

# Arshdeep Singh's coach on pacer's meeting with Wasim Akram




Arshdeep Singh's coach, Jaswant Rai, revealed about how the young pacer met Wasim Akram and was bowled over by his idol during an interaction at the Asia Cup. The young pacer has been enjoying a good time on the international circuit and was heavily praised by everyone for his efforts in the death overs during the tournament. Rai, speaking to journalist Vimal Kumar on his YouTube channel, as quoted by the Hindustan Times, opened up on an incident where Singh met his idol Akram and the Pakistan legend told him not to come to him for advice f he thought that he was perfect.

Rai also revealed that the young pacer kept thinking about the question posed by Akram and went and had a discussion with the legend.

"Arshdeep told me that he met Akram bhai who told him, 'Sardarji, you are bowling very well. You are a good bowler. If you think you are perfect, then don't come to me. If you feel you want to ask me anything or want to learn something from me then you can come whenever you want'. He then told me that when he went to the hotel at night, he kept thinking about that question. He felt that if he didn't go then Akram would mind and think that that Sardarji seems to know everything. So next day he went to Akram and had a discussion," said Jaswant.

"I will go for Arshdeep Singh as well. The young boy has got talent. The way he bowled the last over against Pakistan under pressure. He dropped a catch. We all drop catches under pressure in knockout games. It's not the end of the world," Akram told Star Sports, adding that the online trolling of the young pacer needed to stop.

"I have been seeing social media and I have felt quite sad for this youngster. We must come out and support him. He is the future of Indian cricket, in my book," he added.

# New Zealand announce T20 World Cup squad, Kane Williamson set to lead for 3rd time



New Zealand have announced their squad for the T20 World Cup, scheduled to be hosted in Australia in the months of October and November. Kane Williamson is set to captain the side for the third time in the premier T20 tournament, hoping to win the title, in what could be his last representation in the competition. The selectors have made three changes to the side and have added explosive reinforcements to their batting and bowling attack. Lockie Ferguson, Michael Bracewell and Finn Allen are to replace Kyle Jamieson, Todd Astle and Tim Seifert respectively from the 2021 side. Two of the biggest stars in New Zealand cricket, Trent Boult and Jimmy Neesham who declined their respective central contracts, have made it to the team and are expected to start in their playing XI. The third player who finds himself in the T20I side without a central contract is the 23-year-old Finn Allen, who is yet to bag one. New Zealand have amassed a strong bowling line-up for the world tournament. The team has Tim Southee and Trent Boult at their disposal to wreak havoc at the top, while Lockie Ferguson can add to their strengths in the death. The fastest bowler of the Indian Premier League this season - Ferguson is known for his searing yorkers at the death and can potentially be a gamechanger for them in the tournament. In the batting side of things, NZ do have issue with explosiveness at the top.

# Leaving out Rishabh Pant in the T20 World Cup team will be the best thing for India: Wasim Jaffer



Former India opener Wasim Jaffer believes that wicket-keeper batsman Rishabh Pant does not fit into the Indian middle-order going into the T20 World Cup in Australia. Speaking to ESPNcricinfo, Jaffer said that Pant's performances with the Indian middle order are not up to the mark and that is why Dinesh Karthik should be played ahead of him. India are set to play in the first T20I match against Australia in Mohali on Tuesday, 20 September. While discussing the playing XI of the side, Jaffer said that he would like to see Axar Patel and Dinesh Karthik feature in the playing XI. "I think Axar Patel has done really well in recent times, so I don't know why India has not trusted him, because he has won matches with his batting," he said. Asked to elaborate on the Rishabh Pant issues, the former player said that it is something that the thinktank has pondered upon a lot. "India need to figure out whether Rishabh Pant plays or not. The Indian thinktank has been thinking a lot about putting Rishabh Pant in. He has been brilliant and we have talked about it many times. In Test cricket and in the ODIs, he has played series-winning, game-changing knocks, but that has not happened in T20 internationals or even in T20s," Jaffer said. "So India need to figure out if they want to stick with Rishabh Pant in the top six or if they want to play Dinesh Karhitk, who has done really well since the Indian Premier League. For me personally, Rishabh Pant does not fit in number 4 or 5. His best place is to open batting, which I don't think will happen.

# LaLiga condemns actions by Atletico fans after Vinicius Jr. suffers racial abuse



The LaLiga has condemned the hate speech after Atletico Madrid fans were filmed racially abusing Real Madrid's Vinicius Jr. ahead of the Madrid derby on Sunday. Vinicius Jr. has been in the spotlight after his actions during Madrid's win over Mallorca last week and was once again the centre of attraction ahead of the derby. Many Atletico fans were filmed slinging racial abuse at the Brazilian in a video published by radio station Cope in the buildup to the match. Spanish media had also reported that noises and chants of "Vinicius, die" were heard throughout the game. A LaLiga spokesperson has now told the BBC, as quoted by Reuters, that the league denounces all incidents inside and outside of the stadiums and said that they work with the clubs to keep football friendly and enjoyable. The spokesperson also said that hate speech has no place in LaLiga. "We denounce all incidents inside and outside stadiums," a LaLiga spokesperson told the BBC. "We work with clubs to keep our football friendly and enjoyable.

# विश्व हिंदू परिषद के गोरक्षा विभाग का राष्ट्रीय अधिवेशन, गौ माता की रक्षा का लिया संकल्प





**गाजियाबाद।** आरकेजीआईटीएम में विश्व हिंदू परिषद के गोरक्षा विभाग का तृतीय राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ। अधिवेशन को संबोधित करते हुए विहिप के कार्याध्यक्ष मा. आलोक कुमार ने कहा कि मेरे मन पर 7 नवम्बर, 1966 के गोरक्षा आंदोलन के दौरान संसद मार्ग, नई दिल्ली में साधु-संतों-गोरक्षकों पर की गई फायरिंग का भयावह दृष्य अभी तक अंकित है, उस समय में काफी छोटा था। उन्होंने बताया कि उस गोली कांड में सैकड़ों साधु-संतों-गोरक्षकों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इससे पूर्व भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने के लिए पूरे देश में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था और लगभग दो करोड़ लोगों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन तत्कालीन राष्ट्रपति को सौंपा गया था। और अभी भी कई दशकों से गोरक्षा हेतु हजारों लोगों द्वारा पूरे देश में प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रकार देश के अनेक राज्यों में गोमाता-गोवंश के संरक्षण-संवर्द्धन के लिए राज्य सराकारों द्वारा अलग-अलग ढंग से कोशिश की जा रही है। इन राज्यों में हजारों एकड़ भूमि पर गोवंश आधारित खेती प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने कहा वास्तव में गाय को पालने वाला गोपालक ह्वह्वगोपालह्वह्व है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में गोरक्षा विभाग के राष्ट्रीय संगठन मंत्री खेमचन्द ने कहा कि गाय श्रद्धा का विषय है, इसलिए श्रद्धाभाव होना अति आवश्यक है। बावजूद इसके आज समाज के सामने गाय का आर्थिक एवं वैज्ञानिक महत्व सामने लाना होगा। गाय-गोवंश की रक्षा के लिए लोगों की सोच को बदलना होगा। इन सब कार्यों के लिए कार्यकताओं की टीम ही मुख्य आधार है। संगठन की टीम की शक्ति के माध्यम से हम सरकार को सोचने के लिए मजबूर कर सकते हैं। गत आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रधानमंत्री को भी विवश होकर लाल किले की प्राचीर से रसायनमुक्त खेती के लिए बोलना पड़ा।

खेमचन्द ने कहा - महान राजनीतिज्ञ चाणक्य का कहना है कि मनुष्य भले ही बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त कर ले, ऊंचे-से-ऊंचे स्थान पर पहुंच जाए, लेकिन यदि वह निष्क्रिय हो जाए तो वह नीचे आ जाएगा।

इसीलिए गोमाता-गोवंश के संरक्षण-संवर्द्धन के लिए हम सबको हमेशा सक्रिय रहना होगा। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य है- घर-घर गाय, गांव-गांव गौशाला, यही है हमारी निरोगशाला। विहिप के सयुक्त महामंत्री स्थाणुमलयन ने कहा कि गोरक्षा का अर्थ है- धर्म की रक्षा। इसलिए धर्म की स्थापना के लिए हम गोरक्षा-कार्य से शुरू करें।

गोरक्षा विभाग के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री दिनेश चन्द उपाध्याय ने कहा - बिना संगठन के कोई भी संस्था अपने लक्ष्य में सफल नहीं हो सकती। इसलिए हमें संगठन को नीचे तक मजबूत बनाना पड़ेगा। संगठन के बल पर सभी समस्याओं का समाधान संभव है। राजेन्द्र प्रसाद सिंघल ने कहा कि गोपालन और गोरक्षा के लिए लोगों की धारणा को बदलना होगा।

डॉ. प्रज्ञान त्रिपाठी ने पंचगव्य-आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने डायबिटीज, किडनी की पथरी, अनिद्रा, पेट की बीमारियों आदि को समाप्त करने का समाधान बतलाया। राष्ट्रीय गोरक्षा आंदोलन समिति के राष्ट्रीय सह संयोजक शशांकधर शेखर ने गोवंश हत्या एवं गोतस्करी को कानून के माध्यम से रोकने के संदर्भ में विस्तार पूर्वक समझाया। भारतीय गोवंश रक्षण सवर्द्धन परिशद के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय गुरु प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत की गाय पूरे विश्व में चिंतन का विषय बन गई है। विहिप के केन्द्रीय उपाध्यक्ष हुकुमचन्द सावला ने कहा कि गाय को भी जीने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने एक भिखारी, लोमड़ी और शेर की कहानी सुनाते हुए कहा कि अभी तक हम लोमड़ी बनकर जी रहे थे, अब हमें शेर बनकर जीना है।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस दिन हिन्दू उठ खड़ा होगा, जाग्रत हो जाएगा उस दिन कोई भी समस्या नहीं रहेगी। इस मौके पर पवन त्यागी, राजीव गुप्ता, नितिन त्यागी, स्वयंसेवक मनमोहन गोयल, खेमचंद शर्मा, उपेंद्र गोयल, पवन त्यागी, नितिन त्यागी, राजकुमार त्यागी, योगेश कौशिक, राजीव गुप्ता, अश्वनी मित्तल, जितेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शत्रु संपत्ति जांच मामले की मांग को लेकर ग्रामीणों ने तहसील पर किया प्रदर्शन

गाजियाबाद न्यूज। मोदीनगर तहसील में गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने शत्रु संपत्ति के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस दौरान उन्होंने सीकरी पेट्रोल पंप से मोदीनगर तहसील तक जुलूस निकाला। इसके साथ ही उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने निष्पक्ष कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। तहसील क्षेत्र के सीकरी खुर्द गांव व आसपास कॉलोनियों की कई सौ बीघा भूमि को शत्रु सम्पत्ति घोषित किया गया है। इसको लेकर ग्रामीण काफी समय से आंदोलन कर रहे हैं। यह मामला गृह मंत्रालय तक भी पहुंच गया था। डीएम ने सम्पत्ति की जांच को लेकर एसडीएम शुभांगी शुक्ला के नेतृत्व में टीम का गठन किया है। टीम पीड़ित ग्रामीणों की समस्या सुनेगी और इसकी रिपोर्ट तैयार करके प्रशासन को भेजेगी। ग्रामीणों का आरोप है कि डीएम द्वारा बनाई गई कमेटी सही तरीके से जांच नहीं कर रही है। गुरुवार को सैकड़ों ग्रामीण सीकरी पेट्रोल पंप पर एकत्र हुए। वह हाथों में तख्तियां लेकर पैदल मार्च करते हुए तहसील पहुंचे। यहां जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव करके जमकर हंगामा किया। उन्होंने निष्पक्ष जांच करने की मांग की। ग्रामीणों ने एसडीएम शुभांगी शुक्ला को एक ज्ञापन भी सौंपा। इस पर एसडीएम ने निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर बबली गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य अनिल गौतम, कूल चैयरमेन, मुनेन्द्र पहलवान, अमित कसाना, नीरज प्रजापति, रामदत्त शर्मा, अभिषेक, नबाव प्रधान, देव शर्मा, ममता चौधरी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## पेड़ों की छाँव तले रचना पाठ की 90 वीं गोष्ठी

गाजियाबाद। वैशाली सेक्टर–4 स्थित सेंट्रल पार्क में पेड़ों की छाँव तले रचना पाठ की 90 वीं गोष्ठी हुई। इसमें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा पुरस्कृत साहित्यकारों का सम्मान किया गया। जिसके अंतर्गत पेड़ों की छाँव तले रचना पाठ के सहभागी पुरस्कृत कवि लेखक में साहित्य भूषण प्राप्त कवि बनवारी लाल गौड़ एवं कवि शिवानंद सहयोगी तथा पुस्तकों के लिए पुरस्कृत कवि विष्णु सक्सेना एवं डॉ ईश्वर सिंह तेवतिया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित और विख्यात साहित्यकार बी के वर्मा शैदी पधारे एवं अध्यक्षता आलोचक कवि डॉ बरुन कुमार तिवारी ने की, मंच संचालन संयोजक कवि अवधेश सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय पार्षद नीलम भारद्वाज भी शामिल हुई हैं। राष्ट्रीय विषयों के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़े गीत गजल कविताओं का पाठ किया गया। चिर परचित अंदाज में सम्पन्न यह गोष्ठी देर शाम तक पार्क में चलती रही। साहित्य भूषण नवगीतकार शिवानंद सहयोगी ने ह्वएक पीपल का फिर कल निधन हो गया शीर्षक का गीत पढ़ा। वरिष्ठ साहित्यकार शैदी जी ने अपने काव्य पाठ में दोहे और मुक्तक पढे समापन एक मुकम्मल गजल के साथ किया। डॉ ईश्वर सिंह तेवतिया ने उलझन शीर्षक से आज पर चोट करती कविता पढ़ी – समझ नहीं आता क्या / लिक्खूँ क्या छोड़ूँ मैं / किसके साथ रहूँ / किससे नाता जोड़ूँ मैं। मंच संचालन कर रहे वरिष्ठ कवि अवधेश सिंह ने कविता शीर्षक 'मन की बात' के साथ सामयिक दोहे पढे। आज के कठिन समय में सकारात्मक होने की गजल भी पढ़ी ये दिल हो जब उदास अमाँ मुस्कुराइए / गम हो जो आसपास अमाँ मुस्कुराइए। शाखों से सूखते हुए पत्तों ने है कहा / बदलेगा ये लिबास अमाँ मुस्कुराइए।

### स्थिरता और योग पर आनलाइन गोष्ठी का आयोजन

# सकारात्मक सोच व आशावादी दृष्टिकोण योग से सम्भव: योगाचार्या रजनी चुघ

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'स्थिरता और योग' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन हुआ।यह कोरोना काल में 444 वाँ वेबीबार था। मुख्य वक्ता योगाचार्या रजनी चुघ ने कहा कि शारीरिक,प्राणों की, मानसिक और बुद्धि की स्थिरता से ही हम समाधि की ओर आगे बढ़ सकते हैं। योग का लक्ष्य स्थिरता को प्राप्त करना है।स्थिरता ही ध्यान,धारणा और. समाधि की और ले जाने वाली है। एक अवस्था में शरीर को लम्बे समय तक ठहराने की शक्ति प्राप्त करना ही शारीरिक स्थिरता है। इससे हमारी सभी अंग मजबूत बनते हैं।प्राणिक स्थिरता से प्राण शक्ति



बढ़ती है।मानसिक स्थिरता के लिए मन कि एकाग्रता आवश्यक है।जब हमारा मन शांत व स्थिर होता है तो हम रितंभरा व प्रज्ञा प्राप्त कर लेते हैं अतः हमें प्रतिदिन योगाभ्यास द्वारा अपनी शक्तियों का विकास करते रहना चाहिए। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल आर्य ने संचालन करते हुए कहा कि योगी व्यक्ति बड़े से बड़ा कष्ट आसानी से सहन कर लेता है। मुख्य अतिथि आर्य नेत्री कृष्णा गाँधी व अध्यक्ष रजनी गर्ग ने योग कि महत्ता पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। इस मौके पर गायिका प्रवीना ठक्कर,पिंकी आर्य,कमला हंस, ईश्वर देवी, सुनीता अरोरा, सरला बजाज, जनक अरोरा, प्रतिभा कटारिया, कुसुम भंडारी,रविन्द्र गुप्ता, सुदर्शन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने रैली निकालकर लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश

**गाजियाबाद न्यूज।** मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर डॉ. केएन मोदी साइंस एंड कामर्स इंटर कॉलेज में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने रैली निकालकर शांति का संदेश दिया।



रैली में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। डॉ. केएन मोदी साइंस एंड कामर्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीशचंद्र अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में प्ले कार्ड व नारों के माध्यम से आमजन को प्लास्टिक का प्रयोग न करने की सलाह दी गई। वेस्ट प्लास्टिक से उपयोगी वस्तुओं को बनाने के लिए प्रेरित किया गया। रैली के समापन पर सभी छात्रों को पर्यावरण रक्षण की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य मार्ग से होते हुए नगर का चक्कर लगाकर रैली कॉलेज में आकर समाप्त हुई। रैली के बाद विद्यालय के स्काउट्स ने विद्यालय परिसर में पर्यावरण को दूषित करने वाले प्लास्टिक वेस्ट जिसमें पानी की बोतलें, प्लास्टिक क्रॉकरी,पॉलोथिन आदि को इकट्ठा कर परिसर को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। इस दौरान एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर, सीटीओ राजीव कुमार, संजीव चौधरी, राजीव वर्मा, धर्मवीर, गौरव त्यागी,सुधीर शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

# यूएस जनरल असेंबली में पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा, कहा- दुनिया में कुछ सही नहीं है




**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा उन बड़े स्टार्स में से हैं जो सोसाइटी और बाकी सोशल मुद्दों के लिए लड़ती रहती हैं। अब हाल ही में प्रियंका ने यूनाइटेड नेशन्स जनरल असेंबली को संबोधित किया और इस दौरान यह भी कहा कि हमारी दुनिया में सब सही नहीं है। प्रियंका ने इस दौरान के कई फोटोज और वीडियोज शेयर किए हैं।

उन्ही एक वीडियो में प्रियंका कहती हैं, 'हम आज अपनी दुनिया में एक ऐसे समय में मिल रहे हैं जब वैश्विक एकजुटता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-जैसे देश कोविड -19 महामारी के विनाशकारी प्रभावों से संघर्ष करना जारी रखते हैं, जैसे-जैसे जलवायु संकट जीवन और आजीविका को प्रभावित करता है, संघर्ष, क्रोध, गरीबी, भूख और असमानताओं के रूप में अधिक न्यायपूर्ण दुनिया की नींव को नष्ट कर देते हैं।' प्रियंका ने आगे कहा, 'इतने लंबे समय से हम संघर्ष कर रहे हैं। और जैसा कि हम सभी जानते हैं, हमारी दुनिया में सब कुछ ठीक नहीं है। लेकिन ये संकट संयोग से नहीं आए, बल्कि इन्हें एक योजना से ठीक किया जा सकता है। हमारे पास वह योजना है।'

### प्रियंका ने पोस्ट शेयर कर लिखा

प्रियंका ने पोस्ट शेयर कर लिखा, 'आज सुबह संयुक्त राष्ट्र महासभा में दूसरी बार बोलने के लिए संयुक्त राष्ट्र के द्वारों से घूमते हुए, @unicef के एक गर्वित प्रतिनिधि के रूप में, मुझे वास्तविक विराम मिला। आज का दिन कार्रवाई, महत्वाकांक्षा और आशा के बारे में था। यह इस बारे में था कि हमें SDG को एक वास्तविकता बनाने के लिए एक साथ क्या करना चाहिए और हमारे पास खोने के लिए एक क्षण भी नहीं है। आज मुझे रखने के लिए महासचिव @antonioguterres को विशेष धन्यवाद।'

### प्रियंका के प्रोजेक्ट्स

प्रियंका अब कई प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाली हैं। वह सिटाडेल में नजर आएंगी। इसके अलावा वह साइंस फिक्शन ड्रामा में भी दिखेंगी जिसे पैट्रिक मोर्गन डायरेक्ट कर रहे हैं। वहीं बॉलीवुड में वह फिल्म जी ले जरा में नजर आएंगी जिसे फरहान अख्तर बना रहे हैं और उसमे प्रियंका के साथ आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं।

# सलमान से पहचान के बाद भी बिग बॉस में नहीं जाना चाहते फैसल खान



आमिर खान के भाई फैसल खान एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपने परिवार, इंडस्ट्री और शादी सहित कई मुद्दों पर बात की। इतना ही नहीं फैसल ने ये भी कहा कि उन्हें अपनी आजादी प्यारी है और बताया कि वह बिग बॉस में क्यों नहीं जाना चाहते। उन्होंने यह भी कहा कि एक बार आमिर खान के घर में कैद हो चुके हैं और नहीं चाहते कि फिर से ऐसा हो। फैसल अपने भाई आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा पर भी बोले। आमिर खान के भाई फैसल अपनी फैमिली के बारे में सनसनीखेज खुलासे कर चुके हैं। एक बार फिर से उन्होंने अपने भाई की फिल्म, बिग बॉस और शादी सहित कई मुद्दों पर बात की। फैसल से जब बिग बॉस में जाने पर सवाल किया गया तो ईटाइम्स को जवाब दिया कि वहां लोग एक-दूसरे को नीचा दिखाते, झगड़ते और दिमाग से खेलते है। फैसल बोले, मैं उस जोन में नहीं जाना चाहता। वहां पैसा मिलता है पर अल्लाह के आशीर्वाद से मुझे पैसे की जरूरत नहीं। तो मैंने सोचा कि क्यों कैद हुआ जाए। कैद होने में मजा नहीं है। मैं एक बार आमिर के घर पर कैद हो चुका हूं। मैं फ्री रहना चाहता हूं। उनसे जब कहा गया कि सलमान से उनकी जान-पहचान है जिसका फायदा होगा। इस पर फैसल ने कहा कि वह बच्चे नहीं हैं जो किसी की देखभाल की जरूरत हो। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए आजादी से बढ़कर कुछ नहीं।

आमिर को तुरंत मांगनी थी माफी

आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा के दौरान उनके पुराने कमेंट की वजह से विरोध हुआ। फैसल से पूछा गया कि इस पर उनका माफी मांगना सही था? फैसल ने जवाब दिया, माफी मांगने में कोई हर्ज नहीं है। जब यह बात बाहर आई तो उन्हें तुरंत माफी मांगनी चाहिए थी, तब नहीं जबकि फिल्म रिलीज हुई। ये मौकापरस्ती लगती है। फैसल ने कहा कि वह अपनी कहानी को पर्दे पर फिल्म या वेब सीरीज के जरिये लाएंगे। शादी के सवाल पर फैसल ने जवाब दिया, मेरे जैसे बड़े उम्र के आदमी से कौन शादी करेगा? मैं पहले पैसे कमाकर सेटल हो जाना चाहता हूं। क्या उनकी और आमिर की बातचीत होती है? इस पर फैसल बोले, हां। कुछ होता है तो हम मिलते-जुलते हैं। लेकिन वह अपनी जिंदगी में व्यस्त हैं और मैं अपनी बिजी लाइफ में स्ट्रगल कर रहा हूं। लाल सिंह चड्ढा देखने पर फैसल ने जवाब दिया, मैंने फिल्म देखी है। मुझे लगता है कि आमिर को बेहतर स्क्रिप्ट चुननी चाहिए थी। खासतौर पर इसलिए क्योंकि उनकी फिल्म 4 साल के बाद आ रही थी। मुझे पूरी फिल्म अच्छी नहीं लगी लेकिन इसके कुछ हिस्से पसंद आए। आमिर और दूसरे अच्छे ऐक्टर्स से बहुत अच्छे काम की उम्मीद की जाती है। यह उतनी अच्छी फिल्म नहीं थी।

# संक्रमण से ग्रसित लोगों में बढ़ रहा अल्जाइमर का खतरा



**हेल्थ डेस्क।** कोरोना महामारी पिछले ढाई साल से अधिक समय से वैश्विक चिंता का कारण बनी हुई है। इसके कई वैरिएंट्स को काफी गंभीर और संक्रामक माना जाता रहा है, जिसके कारण शरीर में कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी बढ़ सकता है। कोरोना से संक्रमित रह चुके लोगों में लॉन्ग कोविड भी एक बड़े खतरे को तौर पर देखा जा रहा है जिसमें संक्रमण से ठीक होने के बाद लंबे समय तक भी लोगों में कोई न कोई लक्षण मौजूद देखे जा रहे हैं। इस बीच एक हालिया अध्ययन में शोधकताओं ने पाया है कि कोरोना संक्रमण, अल्जाइमर जैसे गंभीर न्यूरोलॉजिकल विकारों के जोखिम को काफी हद तक बढ़ा सकता है। शोधकताओं ने पाया कि 60 या उससे अधिक आयु वाले लोगों में कोरोना संक्रमण के बाद अल्जाइमर रोग विकसित होने का जोखिम काफी बढ़ गया है। इस अध्ययन के लिए शोधकताओं की टीम ने ऐसे 62 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। इसमें पाया गया कि कोरोनावायरस से संक्रमित लोगों में निदान के बाद एक वर्ष के भीतर डेमेंशिया का जोखिम 50 से 80 फीसदी तक अधिक पाया गया है। शोधकर्ता कहते हैं, इस जोखिम को देखते हुए 60 से अधिक उम्र के जो लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं, उन्हें एहतियातन डॉक्टर से सलाह जरूर ले लेनी चाहिए। अल्जाइमर रोग मस्तिष्क से संबंधित विकार है जो धीरे-धीरे याददाश्त और सोचने की क्षमता को नष्ट कर देता है। इसकी गंभीर स्थितियों में लोगों के लिए एक समय के बाद आसान से घरेलू कार्यों को करना भी कठिन हो जाता है। 65 की आयु के बाद इस न्यूरोलॉजिकल बीमारी का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है, हालांकि अध्ययन बताते हैं कि कोरोना संक्रमितों में अल्जाइमर विकसित होने का जोखिम अन्य लोगों की तुलना में अधिक हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना वायरस मस्तिष्क में इंफ्लामेशन का कारण बन रहा है जिसके कारण अल्जाइमर का जोखिम बढ़ जाता है।

# अखिलेश के धरने को लेकर बुल्डोजर बाबा पर मायावती का हमला



**यूपी न्यूज।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बिना नाम लिए सपा के धरने पर योगी सरकार को घेरा है। मायावती ने मंगलवार सुबह ट्वीट कर कहा कि विपक्षी पार्टियों को सरकार की जनविरोधी नीतियों व उसकी निरंकुशता तथा जुल्म-ज्यादती आदि को लेकर धरना-प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं देना भाजपा सरकार की नई तानाशाही प्रवृति हो गई है। साथ ही बात-बात पर मुकदमे व लोगों की गिरफ्तारी और विरोध को कुचलने की बनी सरकारी धारणा अति-घातक है।

बीएसपी की मांग है कि यूपी सरकार अपनी निरंकुशता को त्याग कर छात्रों की वाजिब मांगों पर सहानुभतिपूर्वक विचार करे। मायावती ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, बदहाल सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था आदि के प्रति यूपी सरकार की लापरवाही के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन नहीं करने देना सही नहीं है।

# ट्विन टावर के भष्टाचारियों पर CM योगी कसेंगे शिकंजा



**यूपी न्यूज।** ट्विन टावर के निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर शिकंजा कसा जाएगा। लखनऊ से विजिलेंस टीम मंगलवार को जांच के लिए नोएडा आ रही है। अधिकारियों के अनुसार इस बार टीम कुछ दिन नोएडा में ही रहेगी। टीम के ठहरने के लिए गेस्ट हाउस में कमरे बुक करवा दिए गए हैं। विजिलेंस टीम मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में भी जाएगी। वहां से ट्विन टावर से संबंधित रिकॉर्ड की पड़ताल करेगी। जरूरत पड़ने पर अस्थायी दफ्तर भी यहीं बनाएगी। मामले में संलिप्त रहे अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ करने के साथ ही अन्य लोगों से भी पूछताछ कर सकती है। सूत्रों की मानें तो प्राधिकरण की ओर से आरोपी अधिकारियों को एसआईटी की जांच के कुछ तथ्य देने पर विजिलेंस ने नाराजगी जताई है। इसको लेकर भी टीम के अधिकारी पूछताछ कर सकते हैं। मामले में विजिलेंस टीम ने चार अक्तूबर 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन अभी तक इसकी जांच में तेजी नहीं आई थी।

बता दें कि 28 अगस्त को ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण के बाद से ही इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे थे। इसके बाद प्रदेश शासन ने इसका संज्ञान लेते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की सूची जारी की और कहा था कि टावर के निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। शासन के निर्देश पर बनी एसआईटी की 46 पन्नों की रिपोर्ट में नोएडा अथॉरिटी के पूर्व सीईओ देवदत्त, संजीव सरन, बलविंदर सिंह, एके द्विवेदी, मोहिंदर सिंह का नाम है, लेकिन इसमें दर्ज एफआईआर में देवदत्त, संजीव सरन, बलविंदर सिंह के नाम नहीं हैं। मुकदमे में सिर्फ दो सीईओ के नाम शामिल किए गये हैं। बिल्डर्स और अधिकारियों की मिलीभगत से ट्विन टावर का निर्माण हुआ। इस प्रकरण में जिन 26 अधिकारियों पर आरोप हैं, उनमें से 20 सेवानिवृत्त, दो की मौत और चार निलंबित हो चुके हैं।

# नोएडा में घर-घर होगी गंगाजल की सप्लाई, तैयारी पूरी



**नोएडा न्यूज।** ग्रेटर नोएडावासियों के घरों तक गंगाजल पहुंचाने की परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। ग्रेटर नोएडा के जैतपुर स्थित मास्टर रिजर्वायर से तीन एरिया रिजर्वायर तक गंगाजल पहुंच गया है। परीक्षण के तौर पर अब यहां से टंकियों तक पानी पहुंचाया जाएगा। उसके बाद घरों को सप्लाई शुरू की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह ने बताया कि सितंबर के पहले सप्ताह में गंगाजल ग्रेटर नोएडा के मास्टर रिजर्वायर पहुंच गया था। वहां से अब तीन एरिया रिवर्वायर सेक्टर ईटा, गोल्फ कोर्स और नॉलेज पार्क में शारदा विश्वविद्यालय के पास पानी पहुंच गया है। अब यहां से टंकियों में पानी पहुंचाया जाएगा। नॉलेज पार्क में एरिया रिजर्वायर से नॉलेज पार्क वन टू व थ्री, ओमेगा वन, पी थ्री, पी फोर व पी-7 सहित अन्य बिल्डर्स एरिया में पानी पहुंचाया जाएगा। सेक्टर ईटा स्थित एरिया रिजर्ववायर से ईटा वन व टू, डेल्टा वन, टू व थ्री में गंगाजल की सप्लाई की जाएगी। गोल्फ कोर्स स्थित एरिया रिजर्ववायर से सेक्टरअल्फा वन, बीटा वन व टू और गामा वन व टू में सप्लाई की जाएगी। फिलहाल परीक्षण के तौर पर गंगाजल के यूजीआर तक पहुंचाया जा रहा है। टेस्टिंग सफल होने के बाद घरों तक आपूर्ति शुरू की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मास्टर रिवर्वायर से तीनों एरिया रिजर्ववायर तक बिना लीकेज के पनी पहुंच गया है। इसकी तैयारी बीते दो साल से की जा रही थी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने गंगाजल बहुत जल्द घरों तक पहुंचने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि गंगाजल आपूर्ति होने से भूजल की भी बहुत बचत होगी। अपर गंगा कैनाल (हापुड़) से 85 क्यूसेक गंगाजल लाने का प्रस्ताव सबसे पहले 2005 में बना और 2012 से 2014 के बीच ग्रेटर नोएडा परिक्षेत्र में जलापूर्ति नेटवर्क तैयार कर लिया गया। 2017 के बाद देहरा से जैतपुर तक 23 किलोमीटर की पाइपलाइन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, व देहरा में इंटेक (प्रारंभिरक ट्रीटमेंट प्लांट) के निर्माण के कार्य शुरू किए। देहरा से 7.4 किलोमीटर की पाइप लाइन सिंचाई विभाग की जमीन पर की जानी थी, जिसको प्राधिकरण ने 2018 तक पूरा कर लिया। उसके आगे एनटीपीसी से जमीन लेकर पाइपलाइन बिछाई गई।

पल्ला के पास दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन के नीचे से पाइपलाइन डालने का काम हुआ। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के नीचे से पाइपलाइन को पार करते हुए दिसंबर 2021 में गंगाजल पल्ला के डब्ल्यूटीपी तक पहुंच गया।

# भाजपा का आप पर हमला, नेता बोले दिल्ली के 84 प्रतिशत स्कूलों में प्रिंसिपल नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी है। अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद परवेश साहिब सिंह ने एक ट्वीट कर केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल पर सवाल उठाया है। अपने ट्वीट में भाजपा सांसद ने दावा किया है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 84% प्रिन्सिपल, 34% वाइस प्रिन्सिपल, 33% टीचर, 40% ळ्ळ्और 22% ढ्ळ्ळ् के पद खाली हैं। दरअसल उन्होंने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह बातें कही हैं। इस मीडिया रिपोर्ट में ऊडए डायरेक्टरेट ऑफ एजुकेशन के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में प्रिंसिपल से लेकर शिक्षकों तक की भारी कमी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रिंसिपलों के कुल 950 पदों को भरा जाना था। लेकिन इनमें से सिर्फ 154 पदों को भरा गया जबकि 796 पद खाली रहे। इस तरह कुल करीब 83.7 फीसदी पद खाली हैं। इस रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि ज्यादातर स्कूल को वाइस-प्रिंसिपल चला रहे हैं। जहां तक उप-प्राचार्य की बात है तो इनके कुल 1,670 पद थे और इनमें से 565 खाली हैं। शिक्षकों को लेकर इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल 65,979 पदों में से सिर्फ 21,910 को भी भरा जा सका। अभी भी 33 फीसदी सीटें खाली हैं। इन रिक्तियों को 20,408 गेस्ट टीचरों के जरिए भरा गया। लेकिन अभी भी 1,502 शिक्षकों की कमी है।

# यूपी के नोएडा में निमार्णाधीन दीवार गिरने से बड़ा हादसा, काम कर रहे 12 मजदूरों में चार की मौत

**नोएडा न्यूज।** सेक्टर 21 में निमार्णाधीन दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया। जलवायु विहार में नाली की सफाई के दौरान यह दीवार गिरी। उस समय वहां कुल 12 मजदूर काम कर रहे थे। इस हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई है। वहीं, मलबे में कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। कई घायल मजदूरों को नोएडा के कैलाश अस्पताल और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर और डीएम समेत सभी आलाधिकारी मौके पर पहुंच गये हैं। मौके पर फायर, पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद हैं। मलबा हटाने का काम किया जा रहा है। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। सीएम ने वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर तत्काल पहुंचकर युद्धस्तर पर राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।



जलवायु विहार सोसाइटी की बाउंड्री वॉल के गिरने के बाद मलबे को मशीनों और हाथों से हटाकर रेस्क्यू का काम किया जा रहा है, यह जो दीवार गिरी है वह नाले से सटी हुई थी और बीते दो दिनों से नाले की सफाई का काम किया जा रहा था। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यह दीवार जलवायु विहार आवासी समिति ने 25 साल पहले बनाई थी, लेकिन इसका रखरखाव नहीं किया जा रहा था। ऐसे में दीवार की नींव कमजोर हो गई थी और नाली के सफाई के दौरान यह अचानक भरभरा कर गिर गई। इस हादसे में पप्पू, पुष्पेंद्र सहित करीब 12 मजदूर मलबे में दब गए। वहीं,

जलवायु विहार आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एयर वाइस मार्शल प्रदीप कुमार बताया कि गेट नंबर एक की तरफ नाले से लगी सेक्टर की दीवार गिरने से हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि लगभग चार साल पहले नाले की दीवार से अलग सेक्टर की दीवार बनाई गई थी। तीन चार दिन पहले कुछ लोगों ने नाले के किनारे से मिट्टी निकाल ली, जिससे सेक्टर की चाहरदिवारी की बुनियाद कमजोर हो गई। मंगलवार को नाले की सफाई करते समय दीवार गिर गई।

उन्होंने बताया कि इस हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने घटना पर गहरा दुख जताया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्मदिन पर कैंसर को हराने वाली महिलाओं द्वारा फेशन शो का आयोजन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्मदिन पर ग्रामीण स्नेह फाउंडेशन की ओर से नई दिल्ली के सेंटर फॉर नरेंद्र मोदी स्टडीज इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सशक्तिकरण में महिलाओं की भूमिका और कैंसर को हराने वाली महिलाओं के लिए हौसला फेशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें ऐसी महिलाओं ने हिस्सा लिया, उन्होंने किसी ने किसी स्टेज पर कैंसर को हराकर समाज के लिए एक सकारात्मता का संदेश दिया। इसके साथ ही महिलाओं का सम्मान समारोह भी हुआ। ग्रामीण स्नेह फाउंडेशन की अध्यक्ष स्नेहा राउत्रे ने कहा कि ग्रामीण स्नेह फाउंडेशन की भूमिका पर प्रकाश डाला और समाज के भीतर राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित संस्था के कार्यो पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्नेह फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा,





आजीविका, अधिकारिता, राहत, पुनर्वास, कला, संस्कृति और कौशल विकास में अखिल भारतीय आधार पर काम कर रहा है। इसमें दिल्ली एनसीआर के अलावा यूपी, बिहार, ओडिशा, झारखंड, पश्चिमी बंगाल, मेघालय आदि देशभर के राज्यों की जरूरतमंद और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रही महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है।

श्रीमती स्नेहा राउत्रे ने कहा कि आजकल महिलाएं पहले से ज्यादा सशक्त हुई हैं और उन्हें समाज के हर कोने और हर व्यक्ति के समर्थन की जरूरत है। उन्होंने सामाजिक, भावनात्मक और वित्तीय पहलुओं के संदर्भ में समाज को सशक्त बनाने में महिलाओं की भूमिका का उल्लेख किया। इसके साथ ही कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिए अपना समय, ऊर्जा, धन देने के लिए हर व्यक्ति का आभार जताया। इस कार्यक्रम का कैंसर को हरा चुके करीब 300 लोग सफल संचालन करते हैं। आयोजन में सेंटर फॉर नरेंद्र मोदी स्टडीज के चेयरमैन प्रोफेसर जसीम मोहम्मद, डॉ मीनू वालिया, सीनियर डायरेक्टर और एचओडी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी मैक्स हॉस्पिटल कम पैटर्न स्नेह फाउंडेशन, अरिहंत चैरिटेबल एजुकेशन ट्रस्ट से डॉ अलका अग्रवाल, अखिल भारतीय महिला अधिकारिता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नोहेरा शेख, वीमेनोवेटर की संस्थापक तृप्ति सिंघल सोमानी, सफदरजंग अस्पताल से डॉ अनीता खोखर, डॉ लता स्वतंत्र निदेशक, भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार ने अपने विचार व्यक्त किए। समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कैंसर से पीड़ित महिलाओं को सकारात्मकता के नजरिए से देखें और इस गंभीर बीमारी के प्रति जो नकारात्मकता है उसके लिए कैंसर को हरा चुकी महिलाओं से प्रेरणा अवश्य लेनी चाहिए। श्रीमती स्नेहा राउत्रे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आंगुतकों का आभार जताया।

# हापुड़ में रोटरी क्लब ने 100 महिलाओं को बांटे सेनेटरी पैड

## आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में लगाया गया शिविर





### इन क्लबों ने निभाई मुख्य भूमिका

सेनेटरी पैड वितरण में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव,दिल्ली ईस्ट एंड के अध्यक्ष रो अशोक शर्मा, गाजियाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने मुख्य भूमिका निभाई। रो मनीषा भार्गव ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन और रोटरी क्लब वैक्सीनेशन, सेनेटरी पैड वितरण, बूस्टर डोज और वैक्सीनेशन अभियान चलाकर अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव ने कहा कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़ और हरियाणा के कई जिलों में उनकी संस्था स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के साथ मिलकर काम कर रही है।

**गाजियाबाद न्यूज।** रोटरी क्लब हापुड़ एलाइट ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में करीब 100 महिलाओं को सेनेटरी पैड बाटे। हापुड़ जनपद के बिहारी आश्रम कन्या विद्यालय में सेनेटरी पैड वितरण के लिए शिविर लगाया गया। इसमें महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटने के साथ ही इस्तेमाल के तौर तरीके भी बताए गए। रोटरी क्लब हापुड़ एलाइट के अध्यक्ष रो पारित अग्रवाल ने कहा कि रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड बाटे गए हैं। इससे पहले सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को साक्षरता अभियान के अंतर्गत पाठ्य सामग्री बांटी जा रही है। रो पारित अग्रवाल ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब के सहयोग से आगे भी जरूरतमंद महिलाओं की मदद के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर रो डॉ धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि गाजियाबाद के वसुंधरा में सेनेटरी पैड बैंक बनाया गया है। सेनेटरी पैड बैंक के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न जनपदों में महिलाओं और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियों को सेनेटरी पैड बांटने के साथ तमाम तरह की बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर रोटरी क्लब की सचिव तन्मय मित्तल, रो सिन्नी अग्रवाल, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रो विनीत अग्रवाल और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक सम्पन्न



**गाजियाबाद न्यूज।** डीएम राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान माह, आयुष्मान भारत, जल जनित बीमारी, एनिमल बाईट एवं सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान जैसे बिंदुओं को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें डीएम राकेश कुमार सिंह ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान माह अक्टूबर 2022 की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र, समस्त नगर पालिका/नगर पंचायतों एवं सभी ग्रामों में फागिंग एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि निगरानी समितियों के माध्यम से संचारी रोग एवं दस्तक अभियान का प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि इस समय बरसात के मौसम में प्रायः शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालियाँ जाम होने से पानी की निकासी में समस्या हो रही है। इसलिए नालियों की साफ-सफाई प्रतिदिन कराते रहें ताकि पानी की निकासी प्रोपर तरीके से होती रहे। डीएम ने कहा कि आशा एवं एएनएम के माध्यम से जनपद में बुखार के मरीजों को चिन्हित कर उनकी जांच डेंगू/मलेरिया के लिए अवश्य कराएं, जिससे डेंगू एवं मलेरिया के मरीजों का पता लगाया जा सके और उनका उचित उपचार किया जा सके। मच्छरों से बचाव के संबंध में स्कूलों में बच्चों को साफ-सफाई एवं वृक्षरोपण के प्रति जागरूक करें तथा स्कूली बच्चों को बताए कि अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि रोगों से बचाव हेतु घर-घर सप्लाई होने वाले पानी की भी जांच करायें। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक कैंपों पर ड्यू लिस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में प्रभावी कार्य योजना बनाई जाए साथ ही ग्राम वार एवं वार्ड वार ड्यू लिस्ट बनाने एवं इसके कड़ाई से अनुपालन हेतु निर्देशित किया। उप श्रम आयुक्त को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक कैंपों का आयोजन कराते हुए अभियान में लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित कराएं।

# 200 बच्चों को बांटी स्टेशनरी व खाद्य सामग्री



**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब वैशाली द्वारा भोपुरा प्राथमिक स्कूल कौशाम्बी में बच्चो को 200 पैकेट स्टेशनरी, 200 पैकेट खाद्य सामग्री बांटी गई। इसके साथ ही बच्चों को फेस मास्क और साफ-सफाई के लिए जागरूक किया गया। रोटरी क्लब वैशाली सदा से ही सेवाकार्यो मे अपनी नवीननतम नई दिशा व दशा तय करने के लिए निरन्तर समाज के बीच दृढ़ संकल्पित हैं।

इस मौके पर अध्यक्ष शालू महाजन, संजय अग्रवाल, अनुपमा अग्रवाल,डीजी रतन ललित खन्ना,एजी सुधीर त्यागी,मनीष आदि मौजूद रहे।

# दूधेश्वरनाथ मंदिर में राधा जन्म षष्ठी बधाई महोत्सव आयोजित



**गाजियाबाद न्यूज।** शहर के ऐतिहासिक दूधेश्वरनाथ मंदिर में दो दिवसीय राधा जन्म षष्ठी बधाई महोत्सव आयोजित हुआ। इसमें पूज्य गुरुदेव श्रीमहन्त नारायण गिरि महाराज, दूधेश्वर पीठाधीश्वर गाजियाबाद अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप मे भाग लिया। इसमें प्रख्यात भजन गायक बाबा चित्र विचित्र धाम वृंदावन के उपस्थिति में नवनीत दास के द्वारा राधा रानी ठाकुर बांके बिहारी के भजनों पर श्रोता भक्ति में झूम उठे।

तत्पश्चात पूज्य गुरुदेव श्रीमहन्त नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य गायकों ने शानदार भजन पेश किए। कार्यक्रम के संयोजक बांके बिहारी संकीर्तन मण्डल के संजय रैना,संजीव रहेजा,राकेश बेदी,राजीव रैना,गौरव सिंघल,नितिन मनचन्दा, साहित ढींगरा,सिंकदर यादव समाजसेवी आदि मौजूद रहे।

# 27 सितंबर को होगा पटटे का आवंटन

**गाजियाबाद न्यूज।** जनपद में 27 सितंबर को पटटे का आवंटन किया जाएगा। सहायक निदेशक मत्स्य गाजियाबाद राजेश कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया है कि मत्स्य पालन हेतु मत्स्य पालको को 10 वर्षीय पट्टे किये जाने का प्राविधान उ0प्र0 राजस्व संहिता 2016 में किया गया है। जिसके क्रम में तहसील लोनी के ग्राम पंचायत नानू, असालतपुर, महमूदपुर, चिरोडी, हकीकतपुर उर्फ खुदाबांस, बादशाहपुर सिरौली में ग्राम समाज के तालाबों का पट्टा आवंटन किया जाएगा। इसके लिए 27 सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। इसके लिए तहसील लोनी कार्यालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पटटे के आवंटन की प्रक्रिया होगी। इस अवधि में इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पात्रता/नीलामी की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में तहसील लोनी कार्यालय में देखा जा सकता है।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.